# ग्राम चौपाल में ही मिल रहा योजनाओं का लाभ : पटेल

## ग्राम बागपिपरिया में राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास

**रायसेन, 6 नवंबर. रायसेन जिले की बरेली तहसील के ग्राम बागपिपरिया में आयोजित ग्राम चौपाल का लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल द्वारा कन्यापूजन और निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा शिलान्यास किया गया. इस अवसर पर बाड़ी जनपद अध्यक्ष प्रभा बृजगोपाल पटेल तथा कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा भी साथ रहे.**

ग्राम चौपाल में स्वास्थ्य राज्यमंत्री पटेल ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान और सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने ग्राम चौपाल आयोजित की जा रही हैं. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा है कि ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का लाभ सुगमता से मिले, उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो, इसके लिए ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा रहा है. स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने कलेक्टर विश्वकर्मा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने इस व्यवस्था में रायसेन जिले को अग्रणी बना दिया है. इन ग्राम चौपाल में ग्रामीणों द्वारा दिए गए जा रहे आवेदनों पर तेजी से कार्यवाही कर निराकृत किया जा रहा है.



स्वास्थ्य राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि गांवों के विकास और ग्रामीणों के कल्याण के लिए सरकार दृढ़संकल्पित है. सरकार द्वारा किसानों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गो सभी के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं और इन योजनाओं को धरातल पर ले जाने का कार्य किया जा रहा है.उन्होंने ग्राम चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि यहां विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल पर जाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर योजनाओं का लाभ लें. सरकार आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है. युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए, महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं और इन योजनाओं का लाभ लेकर अनेक हितग्राही आज सफल व्यवसायी बन गए हैं. स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने कहा कि ग्राम चौपाल में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण भी हो रहा है. उन्होंने बताया कि खाद्यान्न पात्रता पर्ची, फौती नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए हैं. ग्राम चौपाल में अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 20 आवेदन प्राप्त हुए हैं और उन्हें यह बताते हुए प्रसन्नता है कि इन सभी आवेदकों के नाम प्रधानमंत्री आवास सूची में शामिल हैं.

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन ग्रामीणों के नाम आवास सूची में शामिल हो जाएं, उन्हें इसकी जानकारी प्राथमिकता से उपलब्ध कराई जाए.

> ग्राम चौपाल में कलेक्टर विश्वकर्मा ने ग्रामीणों से कहा कि इस ग्राम चौपाल में सभी विभागों के जिला अधिकारी और विकासखण्ड अधिकारी उपस्थित हैं ताकि ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए, योजनाओं का लाभ लेने यहां से दूर नहीं जाना पड़े. इन अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही योजनाओं का लाभ देने की कार्यवाही की जा रही है. ग्राम चौपाल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क जांच भी की जा रही है, ग्रामीण शिविर में अपने स्वास्थ्य की जांच जरूर कराएं.



# अखण्ड रामायण पाठ का शुभारंभ, किया हवन

**सिलवानी, 6 नवंबर. श्री अनगढ़ हनुमान मंदिर समिति बजरंग चौराहा सिलवानी में गुरुवार से श्री अखण्ड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित संजय शास्त्री द्वारा विधिविधान से पूजा-अर्चना एवं पाठ के साथ किया गया.**

यह अखण्ड रामायण पाठ नगर की सुख-समृद्धि और शांति की कामना के उद्देश्य से आयोजित किया गया है. आयोजन स्थल पर भक्तों की उपस्थिति रही और पूरे वातावरण में धार्मिक भक्ति एवं श्रद्धा का माहौल बना रहा. मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि पाठ के समापन पर हवन एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा.

# जनजातीय संग्रहालय के खुलने, बंद होने का समय बदला

**भोपाल.** मध्यप्रदेश की जनजातियों के जीवन, देशज ज्ञान, कला परंपरा और सौन्दर्यबोध की विशिष्टता को स्थापित करने तथा उसकी बहुरंगी, बहुआयामी संस्कृति को बेहतर रूप से संयोजित करने का कार्य जनजातीय संग्रहालय में किया गया है. संग्रहालय की विभिन्न दीर्घाओं में मध्यप्रदेश के जनजातीय समुदायों के आवास की वास्तुगत, शिल्पगत और व्यवहारगत रूपों को प्रदर्शित किया गया है. प्रतिवर्ष संग्रहालय का समय परिवर्तित होता है. इसी अवसर पर 1 नवंबर से 31 जनवरी, 2026 तक दोपहर 12 बजे से रात्रि 7 बजे तक संग्रहालय दर्शक एवं पर्यटक के लिए खोला जायेगा. संग्रहालय में 6 अलग-अलग कलाओं शिल्प माध्यमों की दीर्घाएं हैं, जिनमें जनजातीय जीवन की झलक, उनके परिवेश, खेल, संस्कृति, देवलोक आदि देखने को मिलते हैं.

# रास्ते में रोककर युवक पर हमला, भोपाल रेफर

## मुड़ियाखेड़ा रोड पर अज्ञात बदमाशों ने की मारपीट

**नवभारत न्यूज**

**सलामतपुर, 6 नवंबर. रायसेन जिले के सलामतपुर थाना क्षेत्र में बुधवार रात एक युवक के साथ मारपीट की घटना सामने आई है. जानकारी के अनुसार, विष्णु लोधी ( उम्र 25 ) निवासी मुड़ियाखेड़ा, जो दीवानगंज में स्थित एक मिनी मार्ट पर काम करता है, रात करीब 9:30 बजे दुकान बंद कर अपने घर लौट रहा था.**

इसी दौरान मुड़ियाखेड़ा रोड नहर की पुलिया के पास तीन से चार अज्ञात आरोपियों ने उसका रास्ता रोककर उस पर हमला कर दिया. हमले में विष्णु के सिर, हाथ तथा पैर में गंभीर चोटें आईं. परिजन और पुलिस द्वारा उसे सांची सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे विदिशा रेफर कर दिया गया. हालत गंभीर होने पर बाद में विदिशा से भोपाल हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया, जहां वह इलाजरत है. घटना की सूचना मिलने पर सलामतपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ 296ए, 126(2), 109(1), 3/5 बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस टीम आरोपी युवकों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच में जुटी हुई है. वहीं सलामतपुर पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को पूछताछ के लिए उठाया है. जिससे पूछताछ जारी है.



> **इनका कहना है.**
> मुड़ियाखेड़ा रोड पर कुछ अज्ञात आरोपियों ने एक युवक पर जानलेवा हमला किया है. युवक के सिर में गंभीर चोटें आई हैं. मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है.
> **दिनेश सिंह रघुवंशी,** थाना प्रभारी सलामतपुर

# पुलिस ने शराब के 20 क्वार्टर किए ज़ब्त

- आरोपी बेचने ले जा रहा था शराब
- पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

**नवभारत न्यूज**

**सलामतपुर, 6 नवंबर. जिले में नशीली दवाओं एवं शराब का अवैध व्यापार करने वाले आरोपियों के विरूद्ध रायसेन एसपी पंकज पांडे के दिशा निर्देशन में लगातार कार्रवाई की जा रही है.**

इसी कड़ी में सलामतपुर पुलिस को सूचना मिली की कोई व्यक्ति नीनोद गांव के पास अवैध रूप से शराब बोरी में भरकर बेचने ले जा रहा है. जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने तत्काल थाने के प्रधान आरक्षक पुष्पेंद्र राजपूत को मौके पर भेजा. जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी व्यक्ति शराब की बोरी लेकर भागने लगा. पुलिस ने घेराबंदी की और आरोपी रघुवीर रैकवार पिता मूलचंद रैकवार निवासी नीनोद को 20 देसी शराब के क्वार्टर जिनकी कीमत लगभग अट्ठारह सौ रुपये के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपी के विरुद्ध 34(1) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई है.

वहीं थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि नशामुक्त अभियान के तहत नशीली दवाओं एवं शराब का अवैध व्यापार करने वालों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है. स्कूल, कॉलेजों के आसपास स्थित दुकानों की नियमित जांच की जा रही है. इसके अलावा होटल, ढाबा सहित अन्य स्थानों का भी आकस्मिक निरीक्षण कर जांच की जा रही है.

# बैरागढ़ में छात्र स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

**भोपाल.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, संत हिरदाराम नगर के महाविद्यालय एवं विद्यालयों के छात्र स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन किया गया. यह पथ संचलन संत नगर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ विसर्जन घाट पर समाप्त हुआ. इस अवसर पर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भोपाल विभाग के सह कार्यवाह शिखर जैन, मुख्य अतिथि वरटेक्स एजुकेशन के संचालक मुकेश नागपाल, संत हिरदाराम नगर के संघचालक बसंत चेलानी सहित कई राष्ट्रीय स्वयं संघ के स्वयंसेवक उपस्थित थे.

# लोडिंग ऑटो- वैन में टक्कर, छह लोग घायल

**रायसेन, 6 नवंबर. जिले में गुरुवार दोपहर एक लोडिंग ऑटो और वैन की आमने-सामने की टक्कर हो गई. यह हादसा गैरतगंज थाना क्षेत्र के बूढ़ागंज चादोनी में हुआ. इस दुर्घटना में छह लोग घायल हो गए.**

टक्कर इतनी भीषण थी कि लोडिंग ऑटो सड़क पर पलट गया, जबकि मारुति वैन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों वाहनों को सड़क से हटाया. मारुति वैन में सवार चार लोग और लोडिंग ऑटो में सवार दो लोग घायल हुए हैं. सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए गैरतगंज के सिविल अस्पताल पहुंचाया. दो गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है. गैरतगंज थाना प्रभारी डीपी लोहिया ने बताया कि वैन में देवनगर का एक मुस्लिम परिवार सवार था, जबकि लोडिंग ऑटो का चालक भी घायल हुआ है.



> प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों गाड़ियों की तेज रफ्तार के कारण यह हादसा हुआ. सभी घायलों का गैरतगंज अस्पताल में उपचार चल रहा है और उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है. पुलिस मामले की जांच कर रही है

# आरएनटीयू में 'मास' नाटक का मंचन

**भोपाल.** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के टैगोर नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के परिसर में गुरुवार को चर्चित नाटक 'मास' का मंचन हुआ. इस प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों को आत्मस्वीकृति, आत्मसम्मान और खुशहाल जीवन जीने का सशक्त संदेश दिया.



# सरार सरपंच नरेश चौधरी बने भोपाल संभाग सचिव

**नवभारत न्यूज**

**सलामतपुर, 6 नवंबर. सांची विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सरार के सरपंच नरेश कुमार चौधरी पिता कन्हैयालाल चौधरी को मध्य प्रदेश राज्य पंचायत परिषद द्वारा भोपाल संभाग का सचिव नियुक्त किया गया है.**

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर गुरुवार को सलामतपुर, बेरखेड़ी चौराहा सहित दीवानगंज में मित्रों, ग्रामीणों और शुभचिंतकों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया स्वागत कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि रमेश कुमार, गीतगढ़ सरपंच लीला कृष्ण अहिरवार, निनोद सरपंच हरिओम मीणा सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ग्रामीण उपस्थित रहे. सभी ने पुष्पमालाओं से नरेश चौधरी का सम्मान किया.

# भाजपा सरकार में भाजपा का चक्काजाम

## एसडीएम के हस्तक्षेप पर दर्ज हुई एफआईआर

**सिलवानी, 6 नवंबर. नगर परिषद की सफाई दरोगा माला चंदेल के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुद ही भाजपा सरकार में चक्काजाम कर दिया.**

थाना प्रभारी द्वारा तत्काल प्रकरण दर्ज करने से इंकार किए जाने पर नाराज कार्यकर्ताओं ने पहले थाने का घेराव किया, नारेबाजी की और बाद में थाने के सामने राजमार्ग 44 पर बैठकर चक्काजाम शुरू कर दिया. करीब 5 घंटे चले इस विरोध प्रदर्शन के बाद एसडीएम हर्षल चौधरी के हस्तक्षेप पर चक्काजाम समाप्त हुआ. एसडीएम ने सफाई दरोगा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद मामला शांत हुआ. फरियादी संदीप शैजवार पिता बालाराम शैजवार निवासी वार्ड 14 (फल विक्रेता) की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 351(3) और 352 के तहत मामला दर्ज किया गया. सफाई दरोगा माला चंदेल और उनके पति दिलीप चंदेल का नाम पूर्व में भी विवादों में रह चुका है. दो दिन पूर्व एक महिला की शिकायत पर दिलीप चंदेल पर भी मामला दर्ज हुआ था. बताया जाता है कि दिलीप चंदेल स्वयं को मंत्री तुलसी सिलावट का करीबी बताकर कर्मचारियों पर दबाव बनाते रहे हैं.

> **देर रात अतिक्रमण हटाने पर उठा विवाद**
> 13 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे नगर परिषद का अमला सफाई दरोगा माला चंदेल के नेतृत्व में बिना सूचना के अतिक्रमण हटाने पहुंच गया. देर रात हुई इस कार्रवाई पर नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मोनू मतांबर ने कड़ी आपत्ति जताई. मोनू मतांबर का कहना था कि नगर परिषद का कार्यकाल सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक का होता है. ऐसे में रात 11 बजे दुकानदारों को बिना सूचना उनकी दुकानें तोड़ना सरासर गलत है. प्रभावित दुकानदारों को अपना पक्ष रखने का अवसर भी नहीं दिया गया. इस कार्रवाई से व्यापारियों में भारी आक्रोश फैल गया. कई दुकानदारों को सुबह पता चला कि उनकी दुकानों के हिस्से तोड़े जा चुके हैं.

> **दरोगा ने उपाध्यक्ष प्रतिनिधि पर कराया मामला दर्ज**
> विवाद बढ़ने पर माला चंदेल ने उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मोनू मतांबर और कालू मतांबर के खिलाफ गाली-गलौज करने की शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने दरोगा के आवेदन पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया, जिसके विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को थाने का घेराव किया और चक्काजाम कर दिया.



# पूर्व मंत्री पचौरी ने विधायक डॉ चौधरी की माताजी को अर्पित की श्रद्धांजलि

**रायसेन, 6 नवंबर.** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने गुरुवार को रायसेन जिले के ग्राम बेरखेड़ी में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी के निवास पर पहुंचकर उनकी स्व. माताजी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए.

पचौरी ने विधायक डॉ चौधरी तथा परिजन को ढांढस बंधाते हुए शोक संवेदनाएं व्यक्त की.

**शिविर** ▶ 45 मरीजों के होंगे मोतियाबिंद ऑपरेशन

# नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 155 मरीजों की जांच

**सिलवानी, 6 नवंबर. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिलवानी में गुरुवार को नि:शुल्क नेत्र शिविर का सफल आयोजन किया गया. यह शिविर जिला अंधत्व निवारण समिति एवं आरपी फाउंडेशन के सहयोग से पीपुल्स हॉस्पिटल भानपुर भोपाल के सौजन्य से आयोजित किया गया.**

शिविर में कुल 155 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 45 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया. सभी चिन्हित मरीजों को नि:शुल्क बस द्वारा पीपुल्स हॉस्पिटल भानपुर भोपाल भेजा गया, जहां उनका नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा.



शिविर में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.एस. पटेल एवं नेत्र चिकित्सा सहायक नवल किशोर की देखरेख में कार्य किया गया. पीपुल्स हॉस्पिटल की ओर से नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दीप्ति मजमुदार, डॉ. दीक्षा, तथा जनसंपर्क चिकित्सा अधिकारी संजय मुड़िया एवं अनस खान की टीम ने शिविर में अपनी सेवाएं दीं.

# मिनी ट्रक और बाइक में टक्कर, एक युवक गंभीर

## सलामतपुर में भोपाल विदिशा हाइवे 18 पर हुआ हादसा

**सलामतपुर, 6 नवंबर. कस्बे में भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर एक तेज़ रफ़्तार आयशर मिनी ट्रक के ड्राइवर ने लापरवाही से मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी, जिसकी वजह से मोटरसाइकिल चालक के सिर में गंभीर चोटें आ गईं. युवक को गंभीर हालत में विदिशा मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया था.**

हालत बिगड़ने पर घायल युवक को भोपाल रेफर किया गया है. जानकारी अनुसार राजू राजपूत पिता जवाहर सिंह राजपूत निवासी ग्राम मांची थाना सांची अपने घर से किसी काम के सिलसिले में सलामतपुर आ रहा था. रास्ते में भोपाल विदिशा हाइवे 18 पर भोपाल की ओर से आ रहे तेज़ रफ़्तार आयशर 407 मिनी ट्रक एमपी 04 जेडडब्ल्यू 6042 के चालक ने तेज़ व लापरवाही से चलाते हुए राजू राजपूत की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी. जिससे राजू के सिर में गंभीर चोटें आ गईं. वहीं आयशर 407 मिनी ट्रक का चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया. वहीं पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा कर लिया है.

